आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 27.07.2025

समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- हरिद्वार जिले में मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मृत्यु। 28 अन्य घायल।

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार जिला अस्पताल और एम्स ऋषिकेश में घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

- आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गर्व व्यक्त किया है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान, नई ऊर्जा के साथ प्रगति कर रहा है।

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कल सुबह आठ बजे से शुरू होगा। सभी पोलिंग पार्टियां मतदेय केंद्रों पर पहुंची।

- मौसम विभाग ने दो अगस्त तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना व्यक्त की है।

**मनसा देवी**

हरिद्वार जिले में मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग में आज सुबह करीब नौ बजे भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है, जबकि 28 अन्य श्रद्धालु घायल हुए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगदड़ में लोगों की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक–संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने कहा कि प्रशासन पीड़ितों की सहायता कर रहा है।

**हरिद्वार हादसा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार जिला चिकित्सालय और एम्स ऋषिकेश में मनसा देवी मंदिर पैदल मार्ग पर हुई भगदड़ में घायल हुए लोगों का हालचाल जाना। इस दौरान मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दुखद घटना में मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपए तथा घायलों को पचास–पचास हज़ार रुपए मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा भी प्रदान किए जाएंगे।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपए तथा घायलों को पचास–पचास हजार रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की है।

श्री धामी ने बताया कि हरिद्वार के जिलाधिकारी को घटना की मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए गये हैं।

मुख्यमंत्री ने आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और यात्रा मार्गों की व्यवस्था की गहन समीक्षा की जाए।

श्री सुमन ने बताया कि इस घटना में घायल हुए श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य विभाग की टीमें हर संभव चिकित्सकीय सुविधा मुहैया करा रही हैं।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए इन्सपायर–मानक अभियान के तहत हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं और प्रत्येक बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब तक लाखों बच्चे इस अभियान से जुड़ चुके हैं।

श्री मोदी ने कहा कि 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्म–निर्भरता से होकर गुज़रता है और आत्मनिर्भर भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम वही खरीदें और बेचें जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहार और परम्पराएं भारतीय संस्कृति का एक बड़ा आधार हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की असली ताकत वह ज्ञान है, जिसे सदियों से पांडुलिपियों के रूप में सहेजा गया है। इन पांडुलिपियों में विज्ञान, चिकित्सा–पद्धति, संगीत और दर्शन के बारे में जानकारियां हैं। श्री मोदी ने कहा कि इससे प्रेरित होकर इस वर्ष बजट में ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की गई है।

## पंचायत चुनाव

राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान कल सुबह 8 बजे से शुरू होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफल संचालन के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ जुटाई गई हैं। आयोग के अनुसार, आज शाम तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदान दल सुरक्षित पहुँच गए हैं।

टिहरी जिले में दूसरे चरण में विकासखंड चंबा, नरेंद्रनगर, कीर्तिनगर और देवप्रयाग में मतदान होना है। इसके लिए कुल 522 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विकासखंड चंबा में 134, देवप्रयाग में 128, कीर्तिनगर में 117 और नरेंद्रनगर में 143 मतदान केंद्र शामिल हैं। आकाशवाणी से बातचीत में चंबा के रिटर्निंग ऑफिसर जातेश कुमार सैनी ने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

उत्तरकाशी जिले में भी पंचायत चुनाव की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

## वृक्षारोपण

बागेश्वर जिले के पंतक्वेराली गाँव में आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठा प्रयास देखने को मिला। रेडक्रॉस सोसाइटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देवदार, बुरांश, काफल, खुमानी और मेहल जैसे सैकड़ों पौधों का रोपण कर उन्हें रक्षासूत्र बाँधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण का संदेश देना भी है।

## मौसम

राजधानी देहरादून में बादल छाए हुए हैं और रुकरुक कर बारिश का दौर जारी है। इस बीच, मौसम विभाग ने आज नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट और देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़ में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार दो अगस्त तक प्रदेश में बारिश के आसार बने हुए हैं। इस अवधि में राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

उधर, उत्तरकाशी जिले में स्यानाचट्टी के पास भूस्खलन के चलते अवरुद्ध यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू कर दिया गया है।